नगर निगम, आगरा

नीलामी सूचना

निर्माण स्टोर में क्षतिग्रस्त होर्डिंग एवं निर्माण स्टोर से सम्बन्धित निष्प्रयोज सामान तथा अतिक्रमण से सम्बन्धित सामान की नीलामी किये जाने हेतु मोहरबन्द निविदा दिनांक 21.09.2021 को अपरान्ह 01:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता कार्यालय में रखे गये निविदा बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। बाद में प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा आमंत्रित तिथि को अपरान्ह् 02:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी।

उपरोक्त सामग्री जहाँ है जैसा है, के आधार पर नीलाम की जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ रू. 50,000.00 की एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, आगरा के पक्ष में बन्धक होगी, देना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम के सामान्य स्टोर से रू. 500.00 नकद भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा नगर निगम, आगरा की वेबसाइट www.nagarnigamagra.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र नगर निगम, आगरा की वेबसाइट से डाउनलोड करने पर रू. 500.00 का डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) जो अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, आगरा के पक्ष में हों, को विभाग में जमा करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा को होगा। उच्चतम निविदादाता को रू. 2,00,000.00 की धनराशि स्वीकृति के सात दिन के अन्दर नगर निगम कोष में जमा करनी होगी अन्यथा की दशा में उच्चतम निविदादाता की जमानत धनराशि रू. 50,000.00 जब्त कर ली जायेगी। अवशेष धनराशि अधिकतम सात दिवस के अन्दर जमा करनी होगी। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्यशील दिवस में नगर निगम निर्माण स्टोर में नीलामी हेतु सामग्री को देख सकते हैं। व्यापार कर एवं अन्य करों का भुगतान उच्चतम निविदादाता को निविदा के अतिरिक्त देना होगा।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, आगरा

प्रतिलिपि :-

1. नगर आयुक्त महोदय को अवलोकनार्थ।
2. मुख्य नगर लेखा परीक्षक को सूचनार्थ।
3. मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी को सूचनार्थ।
4. मुख्य अभियन्ता को सूचनार्थ।
5. सहायक नगर आयुक्त को सूचनार्थ।
6. श्री सुरेन्द्र कुमार ओझा, सहायक अभियन्ता को सूचनार्थ।
7. जन सम्पर्क अधिकारी को दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन किये जाने हेतु।
8. स्टोर कीपर (निर्माण) को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, आगरा

आगरा नगर निगम, आगरा

निविदा प्रपत्र

विषय : निर्माण स्टोर में क्षतिग्रस्त होर्डिंग एवं निर्माण स्टोर से सम्बन्धित निष्प्रयोज सामान तथा अतिक्रमण से सम्बन्धित सामान की नीलामी हेतु निविदा प्रपत्र।

Issued to/ Download by Contractor .... Issueing Clerck :

Tender Cost (Rs.) 500.00

Earnest Money (Rs.) 50,000.00

क्र. सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दरें (रु. में)
1	रोड़ रोलर (विटानिया मार्शल)	नग	
2	रोड़ रोलर (एग्रिड मूर फोरसन)	नग	
3	विज्ञापन व अतिक्रमण का लोहा स्क्रैप	प्रति किलोग्राम	
4	वाटर पम्प पुराने निष्प्रयोज (विभिन्न एच.पी.) स्क्रैप।	प्रति किलोग्राम	
5	ट्रैफिक के अतिक्रमण से उखाड़े पोल	प्रति किलोग्राम	
6	अतिक्रमण से उठाई पुरानी कारें।	प्रति किलोग्राम	

Opened by me

Signature of Tenderer and address

J.E. A.E. E.E.

Kutation Notice